आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 07.07.2026 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार :–

- इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से किया सम्मानित ।

- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'प्रगति परियोजना' का किया शुभारंभ, 20 लाख किसानों को मिलेगा फायदा ।

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल से की मुलाकात ।

- कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव धार जिले के पीथमपुर में चीनी कंपनी के नए विनिर्माण संयंत्र का करेंगे भूमि-पूजन।

**पीएम इंडोनेशिया सर्वोच्च सम्मान**

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के सबसे बड़े सम्मान 'बिन्तांग अदिपुर्ना ऑफ द रिपब्लिक ऑफ इंडोनेशिया' मेडल ऑफ ऑनर से सम्मानित किया। श्री मोदी ने कहा कि यह सम्मान करोड़ों भारतवासियों का है और भारत-इंडोनेशिया के ऐतिहासिक व आत्मीय संबंधों का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने जकार्ता में इंडोनेशियाई संसद को भी संबोधित किया। संबोधन में श्री मोदी ने दोनों देशों के बीच सदियों पुराने संबंधों, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और भविष्य की साझा दृष्टि का उल्लेख किया।

**अमित शाह- पौधारोपण**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज दिल्ली सरकार के 70 लाख पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया। श्री शाह ने बताया कि 1994 में अधिसूचित 7 हजार 784 हेक्टेयर रिज क्षेत्र में से अब तक 5,000 हेक्टेयर को वन क्षेत्र घोषित किया जा चुका है और जल्द ही पूरे क्षेत्र को कानूनी सुरक्षा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि

अगले तीन वर्षों में पीपल, बरगद, नीम, गूलर, अर्जुन और जामुन जैसे दीर्घजीवी पेड़ लगाकर रिज को दिल्ली के 'ग्रीन लंग्स' के रूप में विकसित किया जाएगा। श्री शाह ने कहा-

**शिवराज सिंह- प्रगति परियोजना**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन को कपास उत्पादकता मिशन की जानकारी दी। उपराष्ट्रपति ने भारत के कपास क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए मिशन की समग्र कार्ययोजना की सराहना की। उन्होंने प्रति एकड़ कपास की पैदावार बढ़ाने के लिए स्पष्ट व मापने योग्य लक्ष्य तय करने की भी बात कही। वहीं दूसरी तरफ श्री चौहान ने आज नई दिल्ली में प्रगति परियोजना का शुभारंभ किया। इसका उद्देश्य 20 हजार से अधिक कृषि उद्यमियों और 20 लाख किसानों को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रगति कार्यक्रम के तहत 26 हजार लघु कृषि उद्यमियों को प्रशिक्षित किया जाएगा, जो एक गांव में 100 से 200 किसानों के साथ मिलकर कृषि कार्य में बदलाव लाने का काम करेंगे।

**मोहन यादव- दिल्ली मुलाकात**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से सौजन्य भेंट की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच प्रदेश से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल से भी नई दिल्ली में मुलाकात की। इस भेंट में जल शक्ति मंत्रालय से संबंधित प्रदेश की परियोजनाओं और योजनाओं पर बातचीत हुई।

**सीएम- धार में विनिर्माण संयंत्र का भूमि-पूजन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल धार जिले के पीथमपुर में लियुगोंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नए विनिर्माण संयंत्र का भूमि-पूजन करेंगे। यह चीन की अग्रणी निर्माण उपकरण कंपनी का 20 एकड़ में विकसित होने वाला नया संयंत्र है। इस प्रोजेक्ट में करीब 27 करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है। संयंत्र में प्रारंभिक चरण में प्रतिवर्ष 6 हजार 500 एक्सकेवेटर के निर्माण की क्षमता विकसित की

जाएगी। कंपनी 2008 से पीथमपुर में अपनी विनिर्माण इकाई संचालित कर रही है, जहां 3 हजार व्हील लोडर और मोटर ग्रेडर का उत्पादन होता है।

**प्रमोशन मे आरक्षण**

प्रदेश में लंबित 'प्रमोशन में आरक्षण' मामले में आज प्रदेश के उच्च न्यायालय में एक बार फिर सुनवाई टल गई। हालांकि कोर्ट ने जल्द अंतिम सुनवाई शुरू करने के संकेत दिए हैं। सुनवाई के दौरान सपाक्स संस्था के अधिवक्ताओं ने मांग की कि जब तक अंतिम फैसला नहीं आता, तब तक राज्य में सभी पदोन्नति प्रक्रियाओं पर रोक लगाई जाए। संस्था ने विधानसभा सचिवालय द्वारा हाल में जारी 15 पदोन्नति आदेशों पर भी आपत्ति जताते हुए इन्हें न्यायसंगत नहीं बताया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विवेक रूसिया की खंडपीठ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए स्पष्ट किया कि इसे अधिक लंबा नहीं खींचा जा सकता।

**उपमुख्यमंत्री- समीक्षा बैठक**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में प्रदेश की मेडिकल सप्लाई चेन व्यवस्था की कार्ययोजना की समीक्षा की। उन्होंने सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में गुणवत्तायुक्त दवाओं की समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आयुक्त स्वास्थ्य धनराजू एस ने बताया कि प्रदेश के सभी संभागीय मुख्यालयों पर 10 वेयरहाउस स्थापित किए जाएंगे, जहां हाई-एंड तकनीक से दवाओं की रियल टाइम ट्रैकिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में गुणवत्ता परीक्षण के बाद ही दवाओं का वितरण किया जाएगा।

**सामान्य प्रशासन- पदोन्नति**

प्रदेश में सामान्य प्रशासन विभाग ने 190 तहसीलदार एवं प्रभारी डिप्टी कलेक्टरों को डिप्टी कलेक्टर पद पर नियमित पदोन्नति दी है। यह पदोन्नति मध्यप्रदेश लोक सेवा (पदोन्नति) नियमों तथा विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा के आधार पर की गई है। हालांकि इन अधिकारियों की पदस्थापना में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

**5वीं और 8वीं की पुन: परीक्षा के परिणाम**

प्रदेश के राज्य शिक्षा केन्द्र ने कक्षा 5वीं और 8वीं की पुन: परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इसमें कक्षा 5वीं में 80.42 प्रतिशत और कक्षा 8वीं में 74.16 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। मुख्य वार्षिक परीक्षा और पुन: परीक्षा को मिलाकर कक्षा 5वीं का कुल परिणाम 98.89 और कक्षा 8वीं का 98.19 प्रतिशत रहा है। विद्यार्थी राज्य शिक्षा केन्द्र के पोर्टल पर रोल नंबर डालकर अपना परिणाम देख सकते हैं। यह पुन: परीक्षा 16 से 23 जून के बीच आयोजित की गई थी, जिसमें कक्षा 5वीं के करीब 71 हजार और कक्षा 8वीं के करीब 76 हजार विद्यार्थी शामिल हुए थे।

**छात्रावासों में प्रवेश**

प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावासों में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए अंतिम चरण में 20 जुलाई तक आवेदन किए जा सकते हैं। इस वर्ष से प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन कर दी गई है। प्रदेश में कुल 207 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, 324 नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका और 66 बालक छात्रावास संचालित हैं।

**एशियन गेम्म खिलाड़ियों से मंत्री की मुलाकात**

प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने टी.टी. नगर स्टेडियम में आगामी एशियन गेम्स के लिए क्वालिफाई करने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों से मुलाकात की। मंत्री ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में खिलाड़ियों का चयन पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। एशियन गेम्स के लिए प्रदेश के 22 खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स, शूटिंग और घुड़सवारी सहित विभिन्न खेल विधाओं में क्वालिफाई किया है।

**कॉमनवेल्थ गेम्स - जूट परिधान**

23 जुलाई से 2 अगस्त तक स्कॉटलैंड के ग्लासगो में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स में भारतीय खिलाड़ी और टीम सदस्य जूट से तैयार विशेष परिधान पहनेंगे। इसे वस्त्र मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय जूट बोर्ड ने जूट-विस्कोस मिश्रित कपड़े से विकसित

किया है। प्रधानमंत्री मोदी के 'मेक इन इंडिया' दृष्टिकोण के तहत इस पहल का उद्देश्य जूट उद्योग को नई पहचान देना और पर्यावरण अनुकूल, प्राकृतिक रूप से नष्ट होने योग्य वस्त्रों को बढ़ावा देना है।

**व्हाट्सएप यूजर फीचर**

मेटा के स्वामित्व वाले मैसेजिंग प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप ने भारत में अपने प्रस्तावित यूजरनेम फीचर को फिलहाल लॉन्च नहीं करने का फैसला किया है। कंपनी ने सरकार को भरोसा दिया है कि अधिकारियों के साथ चल रही बातचीत पूरी होने तक यह फीचर देश में शुरू नहीं किया जाएगा। यह फीचर यूजर्स को फोन नंबर शेयर किए बिना यूजरनेम के जरिए बातचीत करने की सुविधा देगा, लेकिन केंद्र सरकार ने इससे ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग और पहचान के दुरुपयोग जैसी सुरक्षा चिंताएं जताई हैं।

**बैरसिया-नरसिंहगढ़ मार्ग पर रोक**

भोपाल और राजगढ़ को जोड़ने वाले बैरसिया-नरसिंहगढ़ मार्ग पर पार्वती नदी के अस्थायी वैकल्पिक मार्ग से आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। एसडीएम आशुतोष शर्मा ने नदी में बढ़ते जलस्तर और तेज बहाव को देखते हुए यह आपातकालीन आदेश जारी किया।

संक्षिप्त समाचार

- महापौर मालती राय ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत राजधानी भोपाल के 3 ईएमई सेंटर में पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
- खंडवा के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर में छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम और विधिक सहायता की जानकारी दी गई।
- नीमच कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत ने सपरिवार संकट मोचन हरकियाखाल मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना की।
- रतलाम में मध्यप्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन का 31वां स्थापना दिवस आज मनाया गया।

- सीहोर में आरटीई के तहत निजी स्कूलों की खाली 1651 सीटों पर तीसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है।
- अशोकनगर कलेक्टर ने साप्ताहिक जनसुनवाई में 408 आवेदकों की समस्याओं को सुनकर समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए।
- आगरमालवा कलेक्टर ने बाढ़ के खतरे को देखते हुए बाढ़ प्रभावित पुल और रपटों पर ड्रॉप गेट लगाने के निर्देश दिए हैं।
- बैतूल कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक कर लंबित पेंशन प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए।
- झाबुआ में 'डायरिया से बचें हर बार' अभियान के तहत ग्राम कालापीपल में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- जबलपुर के नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के वेटरनरी कॉलेज में श्वानो के लिए कृत्रिम आँख लगाने की तकनीक का सफल प्रयोग किया गया है।

---